खबर संक्षेप

लापरवाह तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को जारी हुए नोटिस

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले शहडोल संभाग के तहसीलदारो, नायब तहसीलदारो को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिन तहसीलदार, नायब तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया उनमें तहसीलदार अनूपपुर, नायब तहसीलदार कोतमा वृत्त, आमडाड नायब तहसीलदार, तहसील पुष्पराजगढ़, वृत्त गिरारी, ना. तह. तहसील पुष्पराजगढ़ पसान, तहसीलदार तहसील पुष्पराजगढ़, नायब तहसीलदार तहसील ब्यौहारी बुड़वा, तहसीलदार तहसील कोतमा, नायब तहसीलदार तहसील पुष्पराजगढ़ दमेहड़ी, तहसीलदार तहसील जैतहरी,नायब तहसीलदार तहसील जैतपुर बिजुरी के नाम शामिल है। गौरतलब है कि 16 अप्रैल को शहडोल संभाग के आयुक्त कार्यालय में कमिश्नर श्री मती सुरभि गुप्ता की अध्यक्षता में कमिश्नर कलेक्टर्स बैठक का आयोजन किया था जिसमें राजस्व के साथ साथ अन्य विभागों की समीक्षा की गई थी।

सैंपल कलेक्शन व डिस्पोज की विधि पर हुई चर्चा

शहडोल। उपसंचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग में चल रही दो दिवसीय बर्ड लू कार्यशाला का समापन गुरुवार को किया गया। 16 एवं 17 अप्रैल को आयोजित इस कार्यशाला में जानकारी देते हुए डॉ. स्मृति गुप्ता ने बर्ड लू संक्रमण के फैलने एवं उससे बचाव के तरीकों को विस्तार से बताया। साथ ही कार्यशाला में उपस्थित लोगों को सलाह देते हुए कहा कि किसी भी तरह के अफवाहों बचते हुए सजग रहें। अगर पक्षियों की बीमारी व मौत से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी मिलती है तो इसकी जानकारी जिले में स्थापित कंट्रोल रूम को दें। डॉ. दीपक पांडेय ने सेंपल कलेक्शन के तरीकों के बारे में एवं मृत पक्षियों के शव डिस्पोज करने के तरीकों को विस्तार से बताया।

चौपट हो गई नगर पालिका की व्यवस्थाएं, नागरिक परेशान

महीनों से सीएमओ नहीं बैठे, पोर्टल भी नहीं खुल रहे

शहडोल। नगरीय समस्याओं का समाधान करने की जिम्मेदारी उठाने वाली नगरपालिका एक लंबे अर्से से अव्यवस्थाओं की शिकार है। यहां का अनुशासन लगभग भंग हो चुका है। इसका कारण यह है कि पालिका के जिम्मेदार अधिकारी स्वयं गैरजिमेदाराना कार्यशैली अपनाते हुए ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरत रहे हैं। इसके अलावा नगरपालिका की निर्वाचित परिषद भी निकम्मेपन की आदी होती जा रही है। नगरपालिका एक निर्वाचित संस्था होने के बावजूद यहां अव्यवस्थाएं व्याप्त हैं। वार्डों की समस्याएं देखकर भी पार्षद चुप्पी साधे हुए हैं।

हालत यह है कि सीएमओ महीनो से कार्यालय मे उपस्थित नहीं हुए और चेयरमैन अव्यवस्थाओं से सरोकार नहीं रखते हैं। कहीं पानी की समस्या है तो कही गंदगी बढ़ रही है, कहीं स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी है। सबसे हैरानी की बात तो यह है कि फायर स्टेशन जैसी अनिवार्य सेवा भी बुरी तरह से प्रभावित है, नगरपालिका में बिल जमा करने के लिए लोग भीड़ लगाते हैं लेकिन पैसा जमा नहीं हो रहा है। कभी कर्मचारी नहीं, तो कभी सर्वर बंद, तो कभी पोर्टल नहीं खुला बता दिया जाता है। नगरपालिका की व्यवस्थाएं इन दिनो पूरी तरह से चौपट हैं।

टैक्स जमा करने में डाल रहे अड़ंगे

नगरपालिका में जल कर, भूमि भवन कर आदि के लिए पृथक से काउंटर खोले गए हैं, लेकिन इनमें कितनी सरलता से रकम जमा हो रही है, इसका पता नहीं किया जा रहा है। लोगों को बार बार चक्कर काटने पड़ रहे हैं, यहां बैठे कर्मचारी कभी सर्वर का बहाना तो कभी पोर्टल नहीं खुलने का बहाना बना कर लोगों को टाल देते हैं। ज्ञातव्य है कि कई शाखाओं में कम्प्यूटर का काम करने के लिए नगरपालिका के कर्मचारियों व अधिकारियों ने अपने रिश्तेदारों व परिचितों को नियुक्त करा रखा है, इन कर्मचारियों द्वारा नागरिक से इस लहजे में बात की जाती है मानों वे चेयरमैन से भी बढक़र हों। एक तो वे ज्यादातर अपने फोन पर व्यस्त रहते हैं या फिर उनकी कुर्सियों के अगल बगल दोस्त यारों की महफिल लगी रहती है, ऐसी हालत में अगर नागरिक पैसा जमा करने आ जाए तो फिर उसकी मानो खैर नहीं। यह हालत उन खिड़कियों की भी है जहां युवतियां काम कर रहीं हैं।

साफ सफाई नहीं हो रही

वार्डो की नालियां मलबे से पटी, बजबजा रहीं हैं, इनसे सड़ांध उठ रही है और बस्ती का वातावरण दूषित हो रहा है। मच्छरों का इतना प्रकोप है कि लोगों का घरों में रह पाना कठिन हो रहा है। कहीं भी सफाईकर्मी नियमित नहीं पहुंच रहे हैं। घरेलू कचरा भी इधर उधर सडक़ों पर फेंका जा रहा है, जिससे गंदगी बढ़ रही है। अगर यहां कचरा संग्रह वाहन सभी मार्गो पर घूमने लगे तो इधर उधर कचरा फेंकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कुछ रास्ते तो ऐसे हैं जहां नालियों का पानी ऊपर तक आकर बह रहा है, जिससे न केवल गंदगी बढ़ रही है बल्कि आने जाने वालों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने बताया कि सफाई के मामले में यह वार्ड पूरी तरह से उपेक्षित है।

वाटर सप्लाई भी नियमित नहीं

कुछ वार्ड ऐसे हैं जहां पेयजल सप्लाई संतोषप्रद नहीं है। नलों से यहां नियमित पानी नहीं मिल पा रहा है। जबकि यह वार्ड शहर के मध्य स्थित है, बताते हैं कि यहां जयस्तंभ स्थित पानी टंकी से सप्लाई दी जाती है जो कि अधिक दूर भी नहीं है लेकिन इसके बावजूद पानी की कठिनाई है। इसके अलावा नलों में फोर्स भी बहुत कम रहता है। एक घंटे की सप्लाई में लोग मात्र चार-छह बाल्टी पानी ही ले पाते हैं। इसके अलावा यहां हैण्डपंपों की स्थिति भी ठीक नहीं है। एक तो हैण्डपंपों की संख्या बहुत कम है और फिर उनका पानी दूषित रहता है। पूर्व में नगरपालिका ने आश्वासन दिया था कि यहां की वाटर सप्लाई की जांच कराई जाएगी और उसकी गड़बड़ी को सुधारा जाएगा। लेकिन यह कदम आज तक नहीं उठाया गया, वार्डवासियों की समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ।

स्ट्रीट लाइटों की भी परेशानी

पटेल नगर, आईटिआई के समीप, सोहागपुर के कुछ वार्ड ऐसे हैं जहां इन दिनों स्ट्रीट लाइट की समस्या काफी बढ़ गई है। खंभों की लाइटे एक अर्से से बंद पड़ी है, नगरपालिका को सूचना दी गई लेकिन अभी तक स्ट्रीट लाइटों में कोई सुधार नहीं हुआ। लोगों को रात के समय आने जाने में बड़ी कठिनाई हो रही है। एक तो ऊबड़-खाबड़ सडक़ें फिर ऊपर से अंधकार, ऐसे में लोगों के गिरने और दुर्घटनाग्रस्त होने की पूरी संभावना बनी रहती है। स्ट्रीट लाइट की सुविधा रहने से लोगों को रात के समय आने जाने में सुविधा रहती है। एक खास बात यह भी है कि चेयरमैन भी अपने नगर के वार्डों का जायजा लेने की जरूरत नहीं समझते हैं। सीएमओ के अनुपस्थित रहने से नगरपालिका का वातावरण अनुशासनहीन हो चुका है।

नुक्कड़ नाटक में छात्राओं ने बताया जल का महत्व

शहडोल। जिले में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून 2025 तक चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनप्रतिनिधि, अधिकारियों, समाजसेवी जन अभियान परिषद के सदस्य व जनभागीदारी से जल के संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य किया जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत संभागीय मुख्यालय शहडोल के महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल के छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल का महत्व बताया गया तथा जिसमें जल ही जीवन है, जल को भविष्य के लिए करें सुरक्षित आदि के स्लोगनों का उल्लेख किया गया।

गुड फ्राइडे पर निकाला गया भव्य जुलूस, प्रभु यीशु के बलिदान को किया याद

शहडोल। मसीही समाज ने गुड फ्राइडे के अवसर पर प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को श्रद्धा और भक्ति के साथ याद किया। इस अवसर पर होली स्पिरिट कैथोलिक चर्च से भव्य जुलूस और झांकियाँ निकाली गईं, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस चर्च में समाप्त हुआ। रविवार को ईस्टर पर्व धूमधाम से मनाया गएगा । राष्ट्रीय ईसाई महासंघ (इंडिया) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष क्रिस्टी अब्राहम और शहडोल जिला सचिव क्रिस्टोफर बास्टिन ने बताया कि गुड फ्राइडे को प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर बलिदान और उनकी पीड़ा को भक्तगण श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हैं। इस दिन विश्व भर के ईसाई धर्मावलंबी उस सलीब की वंदना करते हैं, जिसने मानव जाति को पापों से मुक्ति दिलाई। लगभग दो हजार वर्ष पूर्व कलवरी के सलीब पर यीशु मसीह ने मानव उद्धार के लिए अपना जीवन अर्पित किया था।

जुलूस और झांकियों का आयोजन

होली स्पिरिट कैथोलिक चर्च से शुरू हुआ जुलूस दरभंगा चौक, इंदिरा चौक, गांधी चौक, जैन मंदिर, परमट, रेलवे स्टेशन होते हुए वापस चर्च पहुँचा। झांकियों में प्रभु यीशु के रूप में टैरेन्स वास्टिन, सैनिक के रूप में क्रिस्टी अब्राहम, दीपक डेविड, जॉर्ज पॉल, नेल्सन फर्नांडिस, जेम्स एंथोनी, विजय कुजूर, पंकज तिग्गा, अंकित जॉन खलखो, जॉन केरकेट्टा, वैभव परस्ते ने हिस्सा लिया। वहीं, माता मरियम के रूप में मारजोरी रॉड्रिक्स, सिरनी सिमोन, सजी मैथ्यू, वेरोनिका, मेरी मेगदलीना और यारूस्लेम की स्त्रियों के रूप में अन्य भक्त शामिल थे।गुड फ्राइडे का यह आयोजन मसीही समाज के लिए प्रभु यीशु के प्रेम और बलिदान को याद करने का एक पवित्र अवसर रहा।

पूर्व में स्वीकृत आवासों को पूरा करने अभियान चलाएंः आयुक्त

शहडोल। आयुक्त शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के तीनों जिलो में संचालित ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए है कि पूर्व वर्षों में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास को पूरा कराएं जो आवास लंबे समय से अपूर्ण है उनकी विशेष मॉनीटरिंग की जाए तथा विभागीय मैदानी अमला हितग्राहियों से संपर्क कर समय-सीमा में आवास पूरा करने हेतु प्रेरित करें। आपने कहा कि वर्तमान में आवास प्लस योजना का सर्वेक्षण किया जा रहा है कोई भी पात्र हितग्राही सर्वेक्षण से छूटे नही। साथ ही हितग्राहियों की केवाईसी भी कराई जाए। आपने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बैगा हितग्राहियों के आवास स्वीकृत किये जाए, कोई भी पात्र हितग्राही वंचित नही रहें यह जवाबदारी हम सब की है। बैठक में कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह, कलेक्टर उमरिया श्री धरणेंद्र जैन, अपर कलेक्टर अनूपपुर तन्मय सहित सीईओ जिला पंचायत उपस्थित रहें।

जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़कर बनाएं जन अभियान : विधायक

रात्रि कालीन लगाई चौपाल, ग्रामीणों को दिया जल संरक्षण का संदेश

शहडोल। जिले में जल के सरक्षण एवं संवर्धन के लिए 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह एवं कलेक्टर डॉ. केदार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियो एवं अधिकारियों की उपस्थिति में शहडोल जिले के जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत भुरसी में अखड़ार नदी के किनारे लोगों को पानी की एक-एक बूंद सहजेने एवं जल का महत्व बताने रात्रि कालीन जन चौपाल लगाई। जन चौपाल को संबोधित करते हुए विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश भर में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गांव के तालाबों, कुओं, बावडिय़ों जैसी अनेक जल संरचाओं की साफ-सफाई एवं उनके जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। उन्होनें ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि आप सब भी इस अभियान में जुड़कर इसे जनअभियान का स्वरूप दें। इस अभियान के तहत विभिन्न प्रकार की जल संरचनाओं की साफ-सफाई एंव जीर्णाद्धार के कार्य में आगे आएं तथा इस अभियान को सफल बनाने में सहभागिता निभाएं। आपने कहा कि इस अखड़ार नदी में हमेशा पानी रहता हैं इस नदी में पानी की कमी नहीं होती है। हम सब को इस नदी को साफ रखना है और इसे बचाना भी है। इस नदी में स्वच्छ पानी रहेगा तों आमजन एवं जानवरों के लिए यह पानी बहुत उपयोगी होगा। नदी के आस-पास के खेतों में सब्जी लगा सकते हैं तथा कई प्रकार की खेती कर नदी के पानी से सिंचाई कर सकते हैं। जन चौपाल में जल संरक्षण के महत्व को बताते हुए कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने कहा कि हमारे जिले में यह अभियान 30 जून 2025 तक चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले के प्रत्येक नगर परिषद, नगरीय निकाय, नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायत में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के प्रत्येक जल संरचनाओं की साफ-सफाई का कार्य, गहरी करण का कार्य एवं उनके जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है।

जैतहरी में हाईवे स्ट्रीट लाइटिंग कार्य पूर्ण

जैतहरी। नगर परिषद जैतहरी ने नगरवासियों और आगंतुकों की सुरक्षा व सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नगर की तस्वीर बदलने वाला कार्य पूर्ण किया है। नगर परिषद अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता के सतत प्रयासों से राठौर चौक से मोजर बेयर गेट नंबर 2 तक लगभग 1 किलोमीटर लंबे हाईवे मार्ग पर स्ट्रीट लाइट्स का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है। इस कार्य से अब इस मुख्य मार्ग पर रात के समय भी यातायात सुरक्षित, सरल और सुविधाजनक हो गया है। यह मार्ग न केवल औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, बल्कि यहीं से आस-पास के कई ग्रामीण अंचल भी नगर में प्रवेश करते हैं। ऐसे में यह प्रकाश व्यवस्था नगर और उसके आसपास के नागरिकों के लिए बड़ी राहत बनकर आई है। नगर परिषद द्वारा नगर के प्रत्येक मुख्य प्रवेश द्वार पर भी स्ट्रीट लाइटिंग की व्यवस्था कर दी गई है, जिससे अब नगर में प्रवेश करने वाले यात्रियों को अंधेरे या असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस पहल से पूरा जैतहरी नगर परिषद क्षेत्र अब रात के समय जगमगाता हुआ नजर आता है, जिससे नगर की सुंदरता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। नगर परिषद अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता ने बताया कि हमारा लक्ष्य केवल बुनियादी सुविधाएं देना नहीं, बल्कि जैतहरी को एक सुरक्षित, विकसित और मॉडल नगर बनाना है। यह स्ट्रीट लाइटिंग व्यवस्था नागरिकों की सुरक्षा और नगर के सौंदर्य दोनों में अहम भूमिका निभाएगी। स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों, वाहन चालकों और विद्यार्थियों ने इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। नागरिकों का कहना है कि जहां पहले अंधेरा और असुरक्षा का वातावरण था, अब वहां रोशनी और राहत का अनुभव हो रहा है। दुर्घटनाओं की आशंका भी अब कम होगी। नगर परिषद द्वारा जानकारी दी गई कि नगर में सीसीटीवी कैमरे लगाने की भी योजना बनाई गई है, जिससे सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके। इस अवसर पर अनिल गुप्ता (पूर्व उपाध्यक्ष, विंध्य विकास प्राधिकरण), उपाध्यक्ष रवि राठौर, युवा नेता सिद्धार्थ सिंह 'राजा भैया', शेख अब्दुल जलील, सभापति कैलाश मरावी, आनंद अग्रवाल, सन्तोष अग्रवाल, नाथू राम राठौर, मनीष गुप्ता, नरेश नापित, दिनेश कोल, मोहित मोटवानी विशेष रूप से शामिल रहे।

पीपरटोला में धूमधाम से मनायी बाबा साहब की 134वीं जयंती

राजेन्द्रग्राम। पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत कछराटोला, पीपरटोला मे बोधिसत्व, भारतरत्न, बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जन्म उत्सव बड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। निर्धारित समयानुसार शाम 4:30 बजे से बाबासाहेब का विशाल रैली कबीर तिराहा प्रकाश मोहल्ला पीपरटोला से चन्दन घाट तक निकाली गयी। तत्पश्चात संध्या कालीन सभा संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर के तस्वीर पर कैंडल जलाकर एवं माल्यार्पण कर शुरुआत की गयी। इसके बाद उपस्थित जन समुदाय का पुष्प गुच्छ एवं तिलक चन्दन से स्वागत किया गया। ग्राम पंचायत कछराटोला सरपंच मति फूलवती बाई गोयल के अध्यक्षता मे, कार्यक्रम को गति दी गयी। सर्वप्रथम नन्हे–मुन्हे बच्चों के द्वारा नृत्य कर जनसमुदाय का स्वागत किया गया। इसके बाद आयोजक समिति के अध्यक्ष अजय कुमार वासपे के द्वारा, बाबा साहेब की संक्षिप्त जीवनी बताया गया। एवं युवा प्रवक्ता संदीप कुमार वासपे के द्वारा वीर रस के साथ बाबासाहेब के संघर्ष को बताया गया। साथ ही दिलीप कुमार वासपे के द्वारा शानदार जादुई करतब दिखाकर, बताया गया की यह कोई जादू नहीं है,विज्ञान है। आप इस प्रकार के जादू -टोना, ठग एवं पंडा ओझा के चक्कर मे ना पड़ें। कार्यकर्म के मुख्य अतिथि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलडोंगरी प्राचार्य आरपी कन्नौजिया के द्वारा बाबा साहेब की जीवन संघर्ष, पाखंड और शिक्षा के महत्त्व के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे थाना करनपठार के थाना प्रभारी पी.सी.कोल के द्वारा जीवन मे शिक्षा का महत्व सामाजिक सौहाद्र एवं किसी भी प्रकार के क्राइम से दूर रहने के बारे मे विस्तृप्त चर्चा की गयी। आर.एम.बरियाम शिक्षक के द्वारा सामाजिक सुधार के बारे मे विस्तार से चर्चा की गयी। एवं मानिक सिंह धुर्वे के द्वारा भी अपना विचार रखा गया। कार्यकर्म मे कछराटोला पंचायत सरपंच मति फूलवती बाई गोयल, उपसरपंच रामसिंह मरावी, पंच शुवनेश्वर दास गोयल, शिवराम ब्योहार, थाना करनपठार पुलिस टीम, ग्राम के वरिष्ठ जोहन सिंह, अमरदास, हेतराम बासवे, रमेश प्रसाद बासवे, केशव प्रसाद बासवे, मथुरा प्रसाद बासवे, श्याम लाल बासवे, सम्हर प्रसाद बासवे, कमला प्रसाद बासवे, सुन्दर लाल ब्योहार। भीम आर्मी के कार्यकर्ता भूपेंद्र गोयल, हेमंत बरियाम, अशवंत बासवे, बसंत कुमार बासवे, निर्मल कुमार बासवे, मार्तण्ड प्रसाद बासवे, कमल प्रसाद बासवे, अरुण गवले, मोहित मार्को, दीपक बासवे, शेखलाल बासवे, गलिराम बासवे, रामप्रसाद ब्योहार, चेतन प्रकाश, मनोज कुमार, रामकिशोर, रामप्रकाश, नंदकुमार, सुगम ब्योहार, दशेलाल गवले, ऋषि कुमार, शिव कुमार, बिहारी लाल, साथ ही तीन सौ की संख्या मे महिलाएं,बच्चे, पुरुष उपस्थित रहकर रात्रि साढ़े दस बजे सभा को संपन्न किया गया।

खबर संक्षेप

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गोडारु नदी में किया गया श्रमदान

जमुना/बदरा। म.प्र.जन अभियान परिषद के नेतृत्व में 18 अप्रैल को अनूपपुर विकासखंड के सेक्टर क्रमांक 3 में गोडारु नदी में सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थी पारस मुखर्जी, दिनेश सिंह, कमल यादव, ममता देवांगन, उषा सिंह एवं परामर्शदाता शारदा चौरसिया, शिवानी सिंह नवांकुर संस्था पसान प्रतिनिधि द्वारा सामूहिक रूप से श्रमदान किया गया एवं जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई और आम नागरिकों से नदी, तालाबों को स्वच्छ रखने व संरक्षित करने की अपील की गई।

किसान का पैरा जलकर हुआ स्वाहा

कोतमा। जैसे जैसे गर्मी बढ़ते जा रही है नगर सहित क्षेत्र में आग़जनी की घटनाएं भी हर दूसरे सामने आ रही है। थाना क्षेत्र के बंधवाटोला बोड़री गांव में रहने वाले कृषक गणेश नामदेव की बाड़ी में अचानक आग लगने से 2 गाड़ी पैरा जलकर स्वाहा हो गया। आग लगते ही आस पास ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। तेज गर्मी एवं गर्म हवाओं के कारण कुछ ही समय के अंदर पैरा जलकर राख हो गया। आगजनी से लगभग 5 हजार के नुकसान होने का अनुमान बताया जा रहा है। 1 घंटे तक की मशक्कत के बाद आग फैलने से बच सकी। कृषक गणेश प्रसाद द्वारा घटना की सूचना पुलिस थाना में दी गई है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

जिला पंचायत की सामन्य बैठक 1 मई को

कटनी। जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक गुरुवार 1 मई को जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित की जायेगी। इसी प्रकार सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार 2 मई को आयोजित की जायेगी। पहले यह बैठक गुरुवार 17 अप्रैल को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होनी थी। जिसे जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत द्वारा अपरिहार्य कारणवश स्थगित कर दिया गया है। बैठक का एजेंडा पूर्ववत ही रहेगा। सामान्य प्रशासन समिति के सभी सदस्यों और सामान्य सभा की बैठक से संबंधित सदस्यों से तय तिथि व समय पर बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

शा कन्या विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन 24 तक

कटनी। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं की कुल 83 रिक्त सीटों को विद्यालय स्तर पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से मेरिट के आधार पर भरा जायेगा। आवेदन हेतु अंतिम तिथि 24 अप्रैल है। जबकि प्रवेश परीक्षा 25 अप्रैल को सुबह 11 बजे से 1 बजे तक होगी। यह प्रवेश परीक्षा कक्षा 7वीं में 20, 8वीं में 3, 9वीं में 8 एवं कक्षा 10वीं में 5 रिक्त सीटों जबकि कक्षा 11वीं में 19 एवं कक्षा 12वीं में 28 रिक्त सीटों के लिए आयोजित की जायेगी।

शुभ मुहूर्त पर गूंज रहीं शहनाईयां, खरीददारी करने बाजार में बढ़ी रौनक, करोड़ों का होगा कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

वैवाहिक और मांगलिक कार्य शुरू हो गए हैं। जिसके चलते बाजार में शादी-विवाह के लिए खरीदारी होने लगी है। कोई आभूषण की बुकिंग करा रहा है, तो कोई उपहार में देने के लिए जेवरात और अन्य गिफ्ट आयटम खरीद रहे हैं। पिछले लंबे समय से ठंडा हुआ बाजार अब शादियों के सीजन से गुलजार होने लगा है। लोग गहने, कपड़े और फर्नीचर सहित अन्य सामान की खरीदारी कर रहे हैं। दरअसल, वैवाहिक कार्यक्रम के चलते बाजार में जमकर सामान की खरीदारी होने लगी है। वहीं व्यापारियों का कहना है कि शादियों का सीजन शुरू होने से व्यापार में उठाव आने की उम्मीद हैं। शादी-विवाह की तैयारी के लिए और उपहार में देने के लिए बाजार में फर्नीचर की दुकानों पर भी अलमारी, डबल व सिंगल बेड आदि की खरीददारी ज्यादा रही। इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों पर भी आयटम आदि की खरीददारी ज्यादा रही है।

वैवाहिक सीजन के इन दो माह में जिले में दो हजार से अधिक विवाह का अनुमान है। शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बैंड बाजे की आवाज गूंजने लगी हैं। सवा महीने से बंद विवाह और अन्य मांगलिक कार्य फिर से शुरू हो गए हैं। पहला

विवाह मुहूर्त 14 अप्रेल को रहा। जून में फिर तारा अस्त होने से ये शादियों का सीजन 2 माह का ही रहेगा। जिसमें 30 अप्रेल और पूर्णिमा 12 मई के अबूझ मुहूर्त भी हैं। यही वजह है कि इस बार इन 2 महीनों में शहर सहित जिले भर में अधिक शादियां होने का अनुमान है। ज्योतिषियों के अनुसार 14 अप्रेल से 8 जून तक विवाह के 29 मुहूर्त हैं। मई माह में सबसे अधिक शादियां होंगी। वैवाहिक सीजन के साथ वर-वधु व परिजनों के लिए कपड़े, ज्वेलरी, बर्तन, गिट आइटम सहित अन्य सामग्री की खरीदी के चलते बाजार में रौनक आ गई है। खेतों में फसल के आ जाने से सीजन में मंडी से लेकर बाजार तक गुलजार नजर आ रहा है। बाजार में भीड़ बढ़ गई है, वहीं लोग शादी-विवाह की तैयारियों में जुटे हैं। शहर के सभी मैरिज हॉल और गार्डन बुक हो चुके हैं। डीजे, बैंड, घोड़ा और बग्घी वालों की भी बुकिंग हो गई है। वहीं बाजार के कारोबारियों का कहना है कि शादियों का सीजन शुरू होने से व्यापार में उठाव आ गया हैं।

शादी आयोजक गिफ्ट देने के लिए कूलर, फ्रीज, एलईडी की मांग कर रहे हैं। इसके चलते इलेक्ट्रॉनिक आइटम के बाजार में भी तेजी बनी हुई है। इलेक्ट्रोनिक शोरूम संचालकों के अनुसार शादी और गर्मी के चलते कूलर, एलईडी और फ्रीज की अच्छी डिमांड है। वॉशिंग मशीन व अन्य छोटे आइटम की बिक्री भी बढ़ गई है। ज्वैलर्स सतीष सोनी के अनुसार दीपोत्सव के बाद से ही शादी-ब्याह के लिए गहनों की खरीदी शुरू हो जाती है। महंगाई के बाद भी वर वधु को उपहार देने व स्वंय के लिए ज्वेलरी की मांग बढ़ गई है। शहर के बाजार में बर्तनों की दुकानों में भी अच्छी खासी रौनक है। शगुन के बतौर पीतल, कांसे के बर्तनों की अधिक खरीदी की जा रही है। स्टील के बर्तनों की भी मांग है। इसके साथ ही किराना कारोबार बढ़ गया है। सबसे ज्यादा चमक शहर के कपड़ा बाजार में है। यही वजह है कि साड़ी बाजार में अभी अच्छा रुझान है। लहंगा, साड़ियों की अच्छी खरीदारी बनी हुई है। वर्क वाली लहंगे की अच्छी डिमांड है। साथ ही महिलाएं फैशन व गर्मी के चलते कम वजन वाली और ट्रेंडिंग साड़ियों पर अधिक ध्यान दे रही हैं। पूरे परिवार के लिए भी कपड़े खरीदे जा रहे हैं।

पीओएस मशीन से रोकी जा सकती है टैक्स चोरी, होगी पारदर्शिता

बिना पीओएस मशीन के बेची जा रही शराब, मोहन सरकार की नीति फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

आबकारी की नई नीति में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। इन नियमों के तहत सभी शराब दुकानों में POS मशीन लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। बिना POS मशीन के शराब बेचने पर 25 हजार रुपये का जुर्माना का भी प्रावधान है इसके साथ ही अगर पीओएस मशीन नहीं लगवाई जाती और बार-बार इस नियम तोड़ा जाता है तो जुर्माना की राशी बढ़ती जावेगी। प्रदेश की मोहन सरकार भले ही राजस्व को बढ़ाने तमाम नियमों को लागू कर दे लेकिन कटनी शहर के ठेकेदार ऐसे किसी भी नियमों को मानने तैयार नहीं है। शहर के ठेकेदार राज्य सरकार के नियमों को खुलेगाम चुनौती देते हुए बिना पीओएस मशीन का विक्रय लगातार करते आ रहे हैं।

वैसे तो पीओएस मशीन से शराब विक्रय का नियम एक अप्रैल से लागू हो गया है, बावजूद इसके एक दो नहीं बल्कि शहर की किसी भी शराब दुकान में पीओएस मशीन से शराब का

विक्रय नहीं किया जा रहा है। पीओएस मशीन की अनिवार्यता लागू होने के बाद भी आबकारी विभाग इसे लागू कराने में कोई रूची नहीं दिखा रहा है।

पीओएस मशीन से होगी निगरानी

भाजपा की मोहन यादव सरकार ने मशीन लगाने का फैसला शराब की बिक्री पर नजर रखने के लिए लिया गया है। इससे सरकार को टैक्स चोरी रोकने में मदद मिलती साथ ही, यह भी पता चल सकेगा कि कौन सी दुकान कितनी शराब बेच रही है। यह पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्णवस राज्य सरकार के तमाम नियमों को शहर के ठेकेदार द्वारा दरकिनार कर स्वयं के नियमों से शराब दुकान का संचालन कर सरकार को खुली चुनौती दे रहे हैं, हैरानी की बात तो यह है कि इसकी जानकारी आबकारी विभाग के साथ शासन प्रशासन को होने के बाद भी पीओएस मशीन से शराब विक्री नहीं कराई जा रही है। जिससे न तो यह पता किया जा सकता है कि किसी दुकान से कितनी शराब का विक्रय किया जा रहा है और न ही टैक्स चोरी की रकम का खुलासा हो सकता है।

अवैध पैकारियां हो रही संचालित

शहर में आधा सैकड़ा से अधिक स्थानों पर खुलेआम जमकर शराब पिलाई जा रही है। जिस पर लगाम लगाने में विभाग सफल नजर नहीं आ रहा है। शाम होते ही शहर कोतवाली, कुठला, माधव नगर, एनकेजे थानों में संचालित अवैध पैकारियों में जमकर जाम छलक रहे हैं।

शराब के दाम एमआरपी से ज्यादा

शहर की लायसेंसी दुकानों में एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब का विक्रय किया जा रहा है, जिससे सुरा प्रेमियों को अपनी जेब ढ़ीली करना पड़ रही है। न तो दुकानों में शराब की रेट लिस्ट चस्पा की गई है और न ही नियमों का पालन किया जा रहा है। शराब ठेकेदार को राज्य सरकार के नियमों का पालन करवा पाने में आबकारी विभाग भी लाचार साबित हो रहा है।

क्षेत्र में अशांति फैलाने वालों की अब खैर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

माधव नगर के नवागत थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने अपनी कमान संभालते हुए साफ लहजे में बता कि अब आपराधिक गतिविधयां करने वाले संभल जाएं वरना अब उनकी खैर नहीं। क्षेत्र में किसी भी प्रकार से शांति भंग करने या अराजकता फैलाने की कोशिश की गई तो ऐसे में उनको किसी भी प्रकार बख्शा नहीं जावेगा। अपराधियों पर नकेल कसने थाना प्रभारी ने अपनी कमर कस ली है।

क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पैदल शाम को मुख्य बाजार सहित आस पास के क्षेत्र की पेट्रोलिंग की गई। इस दौरान उन्होनें व्यापारियों को अव्यवस्था न फैलाने के लिए जागरूक रहने को कहा। बातचीत करते हुए थाना प्रभारी माधव नगर अभिषेक चौबे ने बताया कि इस दौरान सुनसान क्षेत्र में अनायास खड़े पाए गए आवारा तत्वों को फटकार लगाते हुए उनसे वहां मौजूद होने का कारण पूछा गया। साथ ही बाजार में भ्रमण करते हुए अवस्थित रूप से खड़े वाहन एवं सड़क पर पहले सामान को व्यवस्थित रूप से रखने के लिए दुकानदारों को समझाया गया। थाना प्रभारी चौबे ने कहा कि क्षेत्र की शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा। पुलिस के द्वारा क्षेत्र के गुंडे बदमाशों के ऊपर विशेष निगाह रखी जा रही है। अपराध या अपराधी से संबंधित कोई भी सूचना मिलती है तो पुलिस तत्काल कार्यवाही अवश्य की जाएगी।

ढ़ीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र के करौंदी बीट का मामला

सड़क किनारे संदिग्ध अवस्था में मृत मिला तेंदुआ, जांच में जुटा वन अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढ़ीमरखेड़ा

वन परिक्षेत्र ढीमरखेड़ा के करौंदी बीट अंतर्गत महनेर पहाड़ी के नीचे गुरुवार को एक तेंदुआ मृत अवस्था में मिला। मृत तेंदुए की उम्र करीब तीन वर्ष की बताई जा रही है। मृत तेंदुआ की खबर पाकर वन विभाग का अमला मौके पर पहुचां। वन अमला द्वारा एकत्रित भीड़ को अलग कर घटना स्थल को सील किया। घटना के बाद वन विभाग का अमला देररात तक कार्रवाई में जुटा रहा।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उमरियापान-ढीमरखेड़ा मुख्य मार्ग पर महनेर गांव के समीप हुई घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप का माहौल बन गया। घटना की खबर जैसे जैसे लोगों को मिलने लगी वहां काफी संख्या में भीड़ एकत्र हो गई। ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि

करौंदी बीट के राजस्व क्षेत्र महनेर पहाड़ी के नीचे एक तेंदुए की मृत अवस्था में सड़क किनारे पड़े होने की जानकारी गुरुवार की शाम करीब चार बजे मिली। मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का जायजा लिया और संबंधित क्षेत्र को लाल फीते से सील किया। डीएफओ गौरव शर्मा को घटना की जानकारी दी। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि जबलपुर के बाद शहडोल डॉग स्क्वायड टीम से संपर्क किया गया, लेकिन टीम के बाहर होने पर सतना जिले से डॉग स्क्वायड टीम को बुलाया गया हैं। देररात तक वन विभाग का अमला घटनास्थल पर तैनात रहा। आशंका जताई जा रही है कि संदिग्ध अवस्था में सड़क किनारे मिले तेंदुए की मौत प्यास और बीमार होने के कारण हुई है। हालांकि वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि तेंदुए की मौत कैसे हुई है,पोस्टमार्टम के बाद इसका खुलासा होगा। मामले पर वन विभाग का अमला जांच में जुटा है।

18-19 अप्रैल को अवकाश पर सभी उपार्जन केन्द्रों पर खरीदी

कटनी। अन्नदाताओं की सुविधा और हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि अब सभी उपार्जन केन्द्रों पर आगामी 18 और 19 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद गेहूं की खरीदी का कार्य निर्बाध रूप से जारी रहेगा। इसके लिए किसान स्लॉट बुक करा सकते हैं कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने बताया कि यह निर्णय किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि उपार्जन प्रक्रिया में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। किसान इन तिथियों में स्लॉट बुक कर बिना किसी परेशानी के गेहूं विक्रय कर सकेंगे। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। कलेक्टर ने उपार्जन कार्य से संबद्ध सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में उपार्जन केन्द्रों की निरंतर मॉनीटरिंग करें। उपार्जन कार्य से जुड़े कर्मचारियों, अधिकारियों को हिदायत दी गई है कि किसानों को इंतजार न करना पड़े, तुलाई, रख-रखाव, भुगतान और परिवहन की सभी व्यवस्थाएँ कराई जावें।

शाला में अनुपस्थित रहने पर शिक्षक राकेश का निलंबन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

शासकीय प्राथमिक शाला भदनपुर संकुल शासकीय उ.मा.वि. बड़गांव विकासखण्ड रीठी के प्राथमिक शिक्षक शराकेश जैन द्वारा विगत तीन माह में मात्र 3 दिवस ही शाला में उपस्थित रहने तथा शेष दिवसों में शाला से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने की शिकायत को सही पाए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह ने प्राथमिक शिक्षक राकेश जैन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह सिंह ने यह निलंबन की कार्यवाही प्राप्त शिकायत के आधार पर प्रकरण की जांच विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रीठी के प्रतिवेदन पर की है। जांच अधिकारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रीठी के द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन अनुसार राकेश जैन, प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला भदनपुर के विरूद्ध प्राप्त शिकायत की सत्यता पाए जाने पर कार्यालयीन पत्र द्वारा कारण बताओं सूचना पत्र जारी कर प्रतिवाद चाहा गया। प्रतिवेदन में जो जवाब प्रस्तुत किया गया वह संतोषप्रद नही पाया गया है। संबंधित का उक्त कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम (1), (2) एवं (3) के विपरीत होकर लापरवाही एवं गंभीर कदाचरण प्रमाणित होने पर म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) 1966 के नियम 9 के प्रावधान अनुसार राकेश जैन, प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला भदनपुर संकुल शासकीय उ.मा.वि. बड़गांव विकासखण्ड रीठी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बहोरीबंद नियत किया जाता है, बताया जाता है कि निलंबन अवधि में राकेश जैन को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

खबर संक्षेप

दशरमन में हुआ प्रहलाद पटेल का स्वागत

सिलौड़ी। ग्राम दशरमन में पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल का मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी और सरपंच सीमा भरत शुक्ला के नेतृत्व में स्वागत हुआ। सरपंच सीमा भरत सिंह ने मंत्री को पत्र के माध्यम से महादेवी मंदिर में सीडी रोड निर्माण, दशरमन से बरहटा घाट पुल निर्माण, सामुदायिक भवन, सनत्रा देवरी मार्ग बनाने की मांग की है। इस दौरान सरपंच अनिल सिंह बागरी, भगवती शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय, अनिल पांडे, सोनू दुबे, अमरेश राय आदि मौजूद रहे ।

48 हजार की स्मैक सहित महिला गिरफ्तार

कटनी। कोतवाली थानांक्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने एक महिला को स्मैक का कारोबार करते हुए गिरफ्तार किया है। घटना की जानकारी पुलिस ने देते हुए बताया कि बैलट घाट के पास एक महिला काले रंग का हेण्ड बैग लिए संदिग्द्ध अवस्था में खड़ी थी, जैसे ही उसने पुलिस की गाडी को देखा वह हडबडाकर भागने का प्रयास करने लगी। जिसे महिला स्टाफ की मदद से रोककर पूछताछ की गई। महिला खिरहनी फाटक की निवासी है, पुलिसिया पूछताछ के दौरान महिला काफी घबरा रही थी। महिला आरक्षक के द्वारा उसके बैग की तलाशी लेने पर उसमें एक मोबाईल फोन, 210 रू नगद एवं एक सफेद रंग के कागज की पुड़िया मिली। जिसे खोलकर देखने पर उसमें हल्के भूरे रंग का पाउडरनुमा मादक पदार्थ स्मैक जैसा पदार्थ दिखाई दिया। महिला से पूछने पर उसके द्वारा भी पुड़िया में स्मैक होना बताया गया। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उसके कब्जे से 4.66 ग्राम स्मैक जब्त किया गया। आरोपी महिला के खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। बताया जाता है कि पकड़ी गई आरोपिया के विरूद्ध पूर्व में भी वर्ष 2017 एवं वर्ष 2019 में मामले दर्ज हो चुके है।

अंबेडकर सेवा मंडल का कार्यक्रम आयोजित

कटनी। अंबेडकर सेवा मंडल द्वारा गुरूवार को प्रेमनगर में बाबा साहेब की जयंती का आयोजन किया गया। आयोजन में अरविंद सिंह धुर्वे के मुख्य अतिथि में किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष सोहन लाल चौधरी, भीम युवा शक्ति संगठन के संस्थापक राहुल चौधरी, पूर्व पार्षद मनोज गुप्ता, संदीप रैदास, कुमारी दीक्षा एवं कुमारी दिवायनी मौजूद रही। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रथम बाबा साहब के छाया चित्र में माल्यार्पण कर किया गया तथा अतिथियों ने अपने- अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि श्री धुर्वे ने अपने विचार रखते हुए कहा कि अनुसूचित जाति के लोगों को बिरसा मुंडा समझना होगा अनुसूचित जनजाति समाज के लोगों को बाबा साहेब को समझाना चाहिए, ओबीसी समाज को बिरसा मुंडा एवं बाबा साहब को समझना होगा तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति को महात्मा ज्योतिबा फुले को समझना होगा यदि समाज का विकास करना है तो एक दूसरे से जुड़कर रहना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंबेडकर मंडल के अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने की तथा कार्यक्रम का संचालक संजय परस्ते द्वारा किया गया।

7 दिन में जानकारी दें ट्रांसपोर्ट नगर व्यवसायी

कटनी। ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी में ट्रांसपोर्ट व्यवसायी द्वारा पूर्व में व्यवसाय हेतु भूखंड, प्लाट आवंटित किये जाने हेतु आवेदन नगर पालिक निगम में प्रस्तुत किया गया था। वर्तमान में नगर की सुचारू यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए ट्रांसपोर्ट नगर एवं भूमि आवंटन संबंधी प्रक्रिया प्रगतिरत है। निगमायुक्त के निर्देश पर 11 ट्रांसपोर्ट व्यवसायी को भूमि आवंटन संबंधी आगामी कार्यवाही को दृष्टिगत रखते हुए ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों से वर्तमान में व्यवसाय किये जाने का स्थल एवं प्रमाणित अभिलेख सहित आवश्यक जानकारी पत्र प्राप्ति के 7 दिवस के भीतर समक्ष में प्रस्तुत करने हेतु सूचित किया है।

दांव पर जान लगाकर जाने मजबूर हैं मासूम नौनिहाल बच्चे, प्रशासशन बेखबर

स्कूली वाहनों में नियम हुए दरकिनार

शहर सहित जिले भर में स्कूली वाहन चालकों द्वारा मनमानी करते हुए बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ करते नजर आ रहे हैं। पूर्व में कई बार क्षमता से अधिक बच्चों को लाते ले जाते समय हादसे भी हो चुके हैं। पुलिस द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा जिससे स्कूली आटो व मैजिक चालक बच्चों की जीवन खतरे में डाल रहे हैं। सुबह सुबह शहर में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर स्कूल जल्दी पहुंचाने के चक्कर में फर्राटें भरते देखे जा सकते हैं। तेज रफ्तार से दौड़ रहे इन वाहनों में हो रही अनदेखी से कभी भी कोई हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

स्कूली वाहनों के लिए बनाई गई सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का कहीं भी पालन नहीं किया जा रहा है। शहर में वैन, मैजिक और सवारी ऑटो में असुरक्षित रूप से क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर उनकी जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। इनमें से अधिकतर वाहन तो ऐसे हैं, जो कंडम स्थिति में हैं फिर भी इन्हीं वाहनों में बच्चों को ढोया जा रहा है, जो कि किसी दिन बड़े हादसे का कारण बन सकता है। इतना ही नहीं अकसर ये वाहन चालक बगैर लाइसेंस के जिला मुख्यालय की सड़कों पर बेखौफ वाहन दौड़ा रहे हैं। मगर यहां हैरत की बात ये है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों की अनदेखी की जा रही है, और जिम्मेदार उदासीन बने हैं। हालांकि कभी-कभार औपचारिकता वश परिवहन विभाग और प्रशासन के अधिकारी कार्रवाई कर लेते हैं। मगर बाद में वही लापरवाही शुरू हो जाती है। कुछ बच्चे पीछे की तरफ लटककर या फिर गेट पर बैठकर जाते हैं, जिससे हादसे हो सकते हैं। वहीं वैन, ऑटो और मैजिक वाहनों में ड्रायवर के अलावा दूसरा कर्मचारी तैनात नहीं होता, जिससे बच्चों पर निगरानी हो सके।

वहीं स्कूलों में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को गियर वाले वाहन से आते जाते देखा जा सकता है, जो बिना लायसेंस गियर वाले वाहनों को तेज रफ्तार में सड़कों पर दौड़ा रहे हैं, यातायात नियमों की धज्जियां खुलेआम उड़ाई जा रही हैं।

गाइट लाइन के अनुसार इन नियमों का पालन जरूरी

- मैजिक ऑटो, वैन सहित सभी स्कूली वाहनों का रंग पीला होना आवश्यक है।
- इन सभी वाहनों पर हेल्पलाइन नंबर दर्ज होना चाहिए।
- वाहन चालकों के पास लाइसेंस वैध होना जरुरी है।
- स्कूल बसों की खिड़की और ऑटो के पिछले हिस्से में ग्रिल लगाई जाना आवश्यक है।
- गैस किट से कोई भी वाहन संचालित नहीं हों।
- सभी स्कूली वाहनों में अग्निशमन यंत्र लगे होना चाहिए।
- प्राथमिक उपचार के लिए फर्स्ट एड बाक्स रखना बेहद जरूरी है।
- स्कूल वाहनों का बीमा, फिटनेस और परमिट वैध होना चाहिए।
- सभी वाहनों की निर्धारित समय पर प्रदूषण जांच हो।
- वाहनों की गति पर नियंत्रण के लिए स्पीड गवर्नर अनिवार्य रूप से लगाना चाहिए।
- स्कूली वाहनों के ड्रायवर, कंडक्टर की निगरानी के लिए प्रत्येक स्कूल में एक यातायात प्रभारी बनाया जाए, जिससे उनकी मॉनीटरिंग आसानी से हो सके।
- वाहनों से स्कूल परिसर के अंदर बच्चों को छोड़ा जाए और अंदर से ही बच्चों को बैठाकर घर ले जाया जाए। सड़क पर वाहनों की घमाचौकड़ी से ट्रैफिक व्यवस्था गड़बड़ाती है। लेकिन चालकों द्वारा नियमों के पालन में अनदेखी की जा रही है।

शिक्षा विभाग ने तैयार किया एजूकेशन पोर्टल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

स्कूल शिक्षा विभाग ने नये शिक्षा सत्र एक अप्रैल से एजुकेशन पोर्टल 3.0 तैयार किया है। इस पोर्टल में विभाग से जुड़ी मानव संसाधन की व्यापक जानकारी का समावेश किया गया है। इस पोर्टल से विभाग के कर्मचारियों का डाटाबेस तैयार किया गया है। पोर्टल में मानव संसाधन से संबंधित जानकारी को कर्मचारी और विकासखण्ड स्तर पर वेरीफाई किया गया है। इसमें विभाग के करीब 2 लाख 75 हजार कर्मचारियों की समस्त जानकारी पारदर्शी रूप से पोर्टल पर प्रदर्शित की गयी है। विभाग के पौने तीन लाख कर्मचारियों के स्थानांतरण को भी पारदर्शी माध्यम से स्थानांतरण नीति-2022 के आधार पर ऑनलाइन ट्रांसफर मॉड्यूल तैयार किया गया है। उच्च पद प्रभार एवं अतिथि शिक्षक प्रक्रिया को भी पोर्टल पर ऑनलाइन किया जा रहा है। विभाग के सभी कर्मचारियों को वेतन पर्ची उनके मोबाइल पर प्राप्त हो सके, ऐसी व्यवस्था विभाग द्वारा की गयी है।विभाग के कर्मचारी छोटी-छोटी समस्याओं के लिये जिला या मुख्यालय स्तर पर चक्कर न लगायें। इसके लिये उनकी शिकायतों के निराकरण के लिये परिवेदना प्रणाली को ऑनलाइन किया गया है। पोर्टल में इंटीग्रेटेड डेशबोर्ड से मुख्यालय, जिला और विकासखंड स्तर पर समस्त गतिविधियों की मॉनीटरिंग किये जाने की व्यवस्था की गयी है। एजुकेशन पोर्टल में एकीकृत डाटाबेस के आधार पर जानकारी तैयार की जा रही है। यह जानकारी सुरक्षित रहे, इसके लिये ब्लॉक चेन बेस्ड टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है। विभाग में विभिन्न जानकारियों के लिये अलग-अलग पोर्टल का उपयोग अब तक किया जा रहा था। अब विभाग में एकीकृत पोर्टल के माध्यम से सभी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा सकेगा।

एजुकेशन पोर्टल 3.0 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग किया जा रहा है। पोर्टल पर दी गई सुविधा से स्कूल स्तर पर विद्यार्थी एआई जैसी तकनीक का उपयोग कर सकेंगे। सीएम राइज योजना के अंतर्गत संचालित विद्यालयों में सिलेबस, कैलेण्डर, टाइम-टेबल, टीचर एण्ड क्लॉस और स्कूल ट्रांसपोर्ट जैसी गतिविधियों को ऑनलाइन किया गया है। प्रदेश के सरकारी स्कूल की बसों में भी जीपीएस एवं कैमरों के माध्यम से मॉनिटरिंग की व्यवस्था एजुकेशन पोर्टल 3.0 में की गयी है। सभी सरकारी स्कूलों में उपलब्ध इन्फ्रा-स्ट्रक्चर और प्रोक्योरमेंट को भी ऑनलाइन किया गया है।

एक मोबाइल फोन से कई हितग्राहियों की होगी केवायसी

अब मोबाइल से घर बैठे कर सकेगें राशन उपभोक्ता अपनी ई केवायसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के पात्र हितग्राही अब मोबाइल फोन के माध्यम से घर बैठे अपनी ई-केवायसी की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। मोबाइल एप पर घर बैठे ई-केवायसी की यह सुविधा केवल मध्यप्रदेश के राशन हितग्राहियों के लिये ही उपलब्ध रहेगी। इस मोबाइल एप को राज्य शासन के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा तैयार किया गया है।

भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न प्राप्त करने वाले सभी पात्र हितग्राहियों के लिये 30 अप्रैल तक ई-केवायसी की प्रक्रिया पूर्ण करना अनिवार्य किया गया है, ताकि आगे भी उन्हें निर्बाध रूप से बिना किसी कठिनाई के खाद्यान्न प्राप्त होता रहे। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशानुसार राशन उपभोक्ताओं की ई-केवायसी करने वार्डों और ग्राम पंचायतों में शिविर लगाये जा रहे हैं। जिले के सभी उपभोक्ताओं से इन शिविरों में अथवा उचित मूल्य की दुकानों पर जाकर भी अपनी ई-केवायसी 30 के पहले अनिवार्य रूप से पूरी करा लेने का आग्रह किया गया है।

राशन हितग्राहियों के सामने शिविरों और उचित मूल्य दुकानों के अलावा अब मोबाइल एप के माध्यम से घर बैठे अपनी एवं परिवार के सभी पात्र सदस्यों की ई-केवायसी करने की सुविधा भी उपलब्ध हो गई है।

मोबाइल एप के माध्यम से ई-केवायसी करने के लिये राशन हितग्राहियों को अपने स्मार्ट एंड्रॉयड मोबाइल फोन पर गूगल प्ले स्टोर से मेरा ई-केवाईसी एप डाउनलोड करना होगा। मोबाइल एप डाउनलोड करने के साथ ही राशन उपभोक्ताओं को अपने मोबाईल पर फेस आरडी की लिंक को भी डाउनलोड करना जरूरी होगा। हितग्राहियों को इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा कि मेरा ई-केवाईसी एप का उपयोग करते समय उनकी मोबाईल लोकेशन अनिवार्यतः चालू रहे।

समस्याओं को सुन कलेक्टर ने किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

ग्राम पंचायत पहाड़ी में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने 75 आवेदकों की समस्यायें सुनी। यहां आस-पास के क्षेत्रों से पहुँचे ग्रामीणों ने कलेक्टर को अपनी समस्यायें बताई एवं आवेदन दिए। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभागों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

पहाड़ी ग्राम पंचायत में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद के दौरान सुखदेव कुशवाहा ने अपनी भूमि की बही (ऋण पुस्तिका) बनवाने के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव को आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर ने तत्काल मौके पर ही बही पुस्तिका आवेदक सुखदेव कुशवाहा को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। यहां कलेक्टर ने स्वयं सुखदेव को अपने हाथों से बही पुस्तिका की प्रति प्रदान की।

ग्राम पंचायत भनपुरा नं. 2 की सरपंच सीमा नायक ने कलेक्टर को आवेदन देते हुये मांग की, कि ग्राम भनपुरा में खेल मैदान, ग्राम हरदुआ में मुक्तिधाम एवं ग्राम हरदुआ के खिरवा में मुक्तिधाम में पानी की बहुत अधिक समस्या है। जिस पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

ग्राम निवार निवासी सुंदर बाई ने कलेक्टर को बताया कि बीपीएल कार्ड न होने से बहुत समस्या है। जिस पर कलेक्टर ने राजस्व विभाग को गरीबी रेखा का सर्वे कर पात्रतानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम गैतरा निवासी हीरालाल पटेल ने आवेदन के माध्यम से गांव में जगह-जगह बंद पड़े हैंडपंपों की जानकारी दी एवं इन्हें ठीक करवाने की मांग की। जिस पर कलेक्टर श्री यादव ने पीएचई विभाग को समय-सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

गिधौआ नाला में मिलकर किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

मानव जीवन विकास समिति द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने के लिए ग्रामीण एवं समाजसेवियों मे अच्छा उत्साह है और गांव गांव मे सभी का सहयोग मिल रहा है। इसके लोग स्वेच्छा से एकजुट होकर बैठक कर, रैली निकालकर, सफाई कर, श्रमदान कर जल को बचाने प्रयास किया जा रहा है। समित सचिव निर्भय सिंह ने कहा कि जितना ज्यादा से ज्यादा नदि, तालाब, नाले मे बारिस के पानी को रोका जायेगा उतना ही ज्यादा से ज्यादा से कुंआ और बोरबेल्स मे पानी का वाटर लेवल बढ़ेगा और पानी की समस्या आने वाले दिनो मे खत्म हो जायेगी। जल संरक्षण का मतलब है पानी का कुशलतापूर्वक इस्तेमाल करना और बर्बादी से बचना। यह ज़रूरी है क्योंकि ताज़ा पानी एक सीमित संसाधन है और महंगा भी। जल संरक्षण से हम अपने लिए और आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्याप्त पानी सुनिश्चित कर सकते हैं। जल संरक्षण के लिए कई तरीके हैं जिन्हें अपनाकर हम जल बचा सकते हैं।

पोष्टिक खाद्य पदार्थों का सेवन करने किया गया प्रेरित

आंगनबाड़ी में खानपान को लेकर दी गई जानकारी, किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उमरियापान

महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा पोषण पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत उमरियापान सेक्टर की आगनवाड़ी केंद्रों में पोषण पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उमरियापान के आगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 2,पचपेढ़ी और धनवाही आगनवाड़ी केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्रों में पोषक तत्वों से पोषण वाटिका तैयार किया। पर्यवेक्षक मंजू मिश्रा ने गर्भवती धात्री माताओं को आयरन और कैल्शियम की गोलियों के सेवन व गर्भावस्था से लेकर शिशु के 2 साल पूर्ण करने तक 1000 दिवस के बारे में जानकारी दी। उन्होंने गुणवत्ता पूर्ण पौष्टिक खाद्य पदार्थों का सेवन करने के बारे में बताया। जिससे कि सही पोषण भी मिले एवं बच्चो का संपूर्ण विकास हो। आगनवाड़ी केंद्र में माताओं को पोषण के बारे में जानकारी दी कि वे रोजाना बच्चों को किस समय क्या आहार दे,जिससे कि बच्चा स्वस्थ्य रहे। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती धात्री माताओं को अच्छे खान पान व प्रसव पश्चात तुरंत एक घंटे के अंदर स्तनपान के बारे में जानकारी दी। उपस्थित महिलाओं को 1000 दिवस खान-पान हर माह बच्चे का वजन करवाना व सही वृद्धि निगरानी के बारे में बताया गया।इस मौके पर आगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और स्थानीय महिलाओं उपस्थिति रही।

पारिवारिक कार्यक्रमों में रियायती दर पर उपलब्ध होगी बेहतर सुविधा

जालपा वार्ड में 55 लाख से बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

जालपा देवी वार्ड में 55 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन के द्वितीय तल का लोकार्पण महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्थानीय वयोवृद्ध श्रीमती सत्यवती खंपरिया से कराया जाकर नगारिकों को सामुदायिक भवन सौंपा गया। इस दौरान नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक की मौजूदगी रही। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती सूरी द्वारा जालपा देवी वार्ड में लगभग 8.10 लाख रूपये से अधिक की लागत से निर्मित होने वाले विभिन्न विकास कार्यों की सौगात भी नागरिकों को दीं गई।

अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है सामुदायिक भवन - महापौर

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने बताया कि नागरिकों को पारिवारिक छोटे- मोटे कार्यक्रमों को रियायती दर पर सुविधापूर्ण तरीके से संपन्न करानें हेतु निगम प्रशासन द्वारा जालपा देवी वार्ड में 55 लाख रूपये की लागत से प्रथम तल पर एक बड़ा हॉल सहित छत पर कमरे रसोई घर का निर्माण कराया गया है। यह सामुदायिक भवन महिलाओं एवं पुरूषों के प्रथक प्रथक अत्याधुनिक लेट बाथ, टाइल्स, एडजेस्ट स्लाईडिंग खिड़कियो सहित फ्लर्ड लाईट की सुविधा से परिपूर्ण है। चारों और से ओपन स्पेस होनें के कारण भवन में वेंटीलेशन की भी पर्याप्त सुविधा है।

कार्यक्रम के दौरान पार्षद डॉ रमेश सोनी और स्थानीय नागरिकों ने इस जनोपयोगी सौगात के लिए महापौर श्रीमती सूरी का पुष्पमाला से स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इस भवन के माध्यम से न्यूनतम शुल्क पर अच्छी सुविधा मिलने की बात कही। पार्षद श्री सोनी ने कहा कि जालपा देवी वार्ड में नागरिकों की सुविधा हेतु पूर्व में निगम प्रशासन द्वारा लगभग 40 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन के भूतल का निर्माण कराया गया था। नागरिकों की आवश्यकता और सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए वर्तमान में इस भवन में प्रथम तल के निर्माण कार्य के अतिरिक्त पूर्व निर्मित भूतल के कक्षों की दीवारों में टाइल्स, वेंटीलेशन हेतु एडजास्ट एवं लाइटिंग आदि का कार्य कराए जाने से नागरिकों को और भी बेहतर सुविधा इस सामुदायिक भवन के माध्यम से मिल सकेगी।

सामुदायिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान जालपा देवी वार्ड पहुंची महापौर श्रीमती सूरी ने वार्ड के नागरिकों को अन्य निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की सौगात भी दी। इस दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने जालपा देवी वार्ड में 2.35 लाख की लागत से मुक्ति ध्वज निर्माण सहित दो स्थलों पर सी.सी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रीय नागरिकों की मौजूदगी में उत्साहपूर्ण माहौल में किया ।

जालपा देवी मंदिर पहुंच मार्ग में मुक्ति ध्वज का निर्माण होने से जहां चौराहे का सौदर्यीकरण होगा। वहीं 4.25 लाख रूपये की लागत से वार्ड निवासी श्री लच्छू सिंधी के मकान से गौतम मोहल्ला तक एवं 1.50 लाख रूपये की लागत से श्री रमेश सोनी के घर से रमाशंकर जी के घर तक नाली निर्माण कार्य किया जाएगा। महापौर श्रीमती सूरी ने निर्माणाधीन स्थलों का निरीक्षण कर सुगम यातायात एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था हेतु नाली के ऊपर की पट्टी, रेलिंग,चीप आदि को स्वेच्छा से अलग कर निर्माण कार्य के दौरान निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करने का आग्रह भी किया।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय गणमान्य नागरिक डॉ सुशील खंपरिया, वैभव राम त्रिपाठी, के एल कनकने, राजेंद्र ठाकुर, मातृशक्ति श्रीमति किरण पाठक, अर्चना मिश्रा, मिथिला पाठक, सरोज गर्ग, वंदना सेन आदि की मौजूदगी रही।

गंदे पानी से आ रही दुर्गंध, राह चलना भी हुआ मश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उमरियापान

ढीमरखेड़ा मुख्य मार्ग में मडेरा कॉलोनी में सड़क के किनारे गन्दा पानी जमा है। यह गंदा पानी बारिश के दिनों से जमा है। सड़क लोगों के घरों से निकलने वाला निस्तार का पानी और बारिश का पानी जमा हो गया है। नाली जाम होने के कारण गंदा पानी सड़क पर ही जमा हो रहा है। सड़क किनारे जमा गन्दे पानी में कीटाणु बिलबिला रहे हैं। गंदे पानी से दुर्गंध भी आती है। जिससे कि यहाँ रहने वाले लोग परेशान है।बदबूदार दुर्गंध आने से लोगों को बीमार होने का डर सता रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि नाली जाम होने के कारण यह स्थिति बनी है। घरों से निकलने वाला निस्तार का पानी नाली में न जाकर सीधे सड़कों पर एकत्रित हो रहा है। आगे की निकासी न होने के कारण पानी सड़क पर जमा रहता है। मुख्य मार्ग होने के कारण वाहनों का ज्यादा आवागमन होता है। बड़े वाहन तो पानी से निकल जाते है लेकिन दो पहिया वाहन चालकों को दिक्कत होती है। वाहनों के निकलने से जमा पानी लोगों के ऊपर उचटता है। जिससे लोगों के कपड़े खराब हो जाते है और उन्हें परेशान होना पड़ता है। गर्मी के इन दिनों में गन्दे पानी से ज्यादा प्रदूषण फैल रहा है। पानी जमा होने से सड़क किनारे कचरा भी बढ़ता जा रहा है।

खबर संक्षेप

न्यू डोला के लापता युवक को रामनगर पुलिस किया सकुशल दस्तयाब

राजनगर। थाना रामनगर क्षेत्र के अंतर्गत न्यू डोला निवासी प्रभात रैदास पिता राजेस उर्फ राजु रैदास, उम्र 21 वर्ष, जो 12 अप्रैल को घर से बिना बताए लापता हो गया था, को पुलिस ने सतर्कता और तत्परता से दस्तयाब कर लिया है। गुमशुदगी की सूचना मिलने पर थाना रामनगर में गुम इंसान क्रमांक 12/25 पर मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया था। पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में चलाए जा रहे गुमशुदा व्यक्तियों की खोज अभियान के तहत प्रभात रैदास की तलाश लगातार की जा रही थी। लगातार प्रयासों और सूचना संकलन के आधार पर 18 अप्रैल को प्रभात रैदास को सकुशल बरामद कर लिया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सुमित कौशिक, उप निरीक्षक बी.एल. परस्ते और एएसआई अशोक सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अमरकंटक के लक्ष्मी सरोवर की जा रही साफ सफाई

अनूपपुर। जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र में मनरेगा योजना से तालाब, बावड़ी, स्टाप डैम जैसे जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। तालाबों की साफ-सफाई एवं गहरीकरण और इनकी पाल को मजबूत करने का भी कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत पुराने जल स्त्रोतों की साफ-सफाई के साथ-साथ नए निर्माण कार्य आमजनता के सहयोग से किए जा रहे। इसी अनुक्रम में अमरकंटक के लक्ष्मी सरोवर के जलीय खरपतवार की साफ सफाई का कार्य जनप्रतिनिधि,आमजन, नगरीय अमले तथा सफाई मित्रों के सहयोग से किया जा रहा है। इसी तरह के कार्य जिले की सभी ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों में किए जा रहे हैं। इन कार्यों से प्राचीन जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और जीर्णोद्धार होने के साथ-साथ जल संग्रहण के नए निर्माण कार्य भी संपन्न हो रहे हैं। जल संरक्षण और संवर्धन के लिए चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान में आमजनता का भी बढ़चढ़ कर सहयोग मिल रहा है।

ट्रैफिक पुलिस ने स्मार्ट सिटी के सामने स्पीड ब्रेकर में लगाए रोड स्टड

अनूपपुर। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत दुर्घटना संभावित स्थानों में आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं, कल यातायात पुलिस द्वारा स्मार्ट सिटी के सामने स्थित स्पीड ब्रेकर में रोड स्टड लगवाए गए , जो रात्रि के समय वाहन की लाइट पड़ने पर रिफ्लेक्ट होते हैं, जिससे वाहन चालक सचेत हो जाते हैं कि यहां पर स्पीड ब्रेकर स्थित है, जिससे अंधेरे में ब्रेकर से टकराने के कारण होने वाले एक्सीडेंट को रोका जा सकेगा। स्मार्ट सिटी के सामने अक्सर सड़क दुर्घटना घटित होती थी, जिस पर नियंत्रण हेतु ट्रैफिक पुलिस द्वारा नगर पालिका के सहयोग से स्पीड ब्रेकर निर्मित करवाया गया। जिससे पिछले 6 माह से इस रोड पर सड़क दुर्घटना घटित नहीं हुई, सुरक्षा उपाय के रूप में स्पीड ब्रेकर में थर्मल मार्किंग करवाई गई थी, कल रोड स्टड भी लगवाए गए हैं, जिससे ब्रेकर रात्रि के समय स्पष्ट रूप से दिखाई देता रहे।

बीड़ी उद्योग के सिकुडते बाजार ने तेंदू फल को किया प्रभावित

तेंदू फल यानि जादुई फल, ड्राई फ्रूट भी इसके आगे फेल

स्थानीय बाजारों में अब इसकी मौजूदगी हुई बहुत कम

अनूपपुर। गर्मी की शुरुआत के साथ ही जंगलों में तेंदू फल पकने लगे हैं। लोग इसे खाना खूब पसंद करते हैं. जितना यह खाने में अच्छा लगता है, उतना ही यह सेहत के लिए फायदेमंद होता है। इन दिनों यह बाजार में भी खूब बिकने आ रहा है । तेंदू फल के गुणों की बात की जाए तो यह आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर होता है। यह फल सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। ग्रामीण इलाकों में इसे ताकत बढ़ाने वाला फल कहा जाता है, इसका नियमित सेवन पाचन तंत्र को मजबूत करता है और शरीर को ऊर्जा देता है। इन दोनों अनूपपुर जिले के कोतमा बिजुरी नगर में मध्य प्रदेश के सीमावर्ती छत्तीसगढ़ क्षेत्र के बैरीडांड गांव से महिलाएं तेंदू फल को जंगल से तोड़कर ट्रेन से यहां बेचे आती है। इतना ही नहीं शहडोल जिले के झींक बिजुरी सहित केशवाही क्षेत्र के जंगलों में भी तेंदू के पेड़ बहुतायत मात्रा मे लगे है। वहां से भी महिलाएं तेंदू फल को कोतमा बाजार में बेचने आती है।

आया तेंदू फल का सीजन

सीमावर्ती जिला शहडोल सहित छत्तीसगढ़ के कई जिलों के जंगलों में बड़ी संख्या में तेंदू के पेड़ पाए जाते हैं, जिसके चलते ग्रामीण इस फल को जंगल से तोड़कर शहरों और गांवों के बाजारों में सस्ते दामों में बेचते हैं। जानकारो के मुताबिक तेंदू फल का सीजन बैशाख तक रहता है, लेकिन जेठ तक यह कहीं-कहीं मिल पाता है। हालांकि, अब यह स्थानीय बाजारों में बहुत कम मात्रा में दिखाई देता है।

बाजारों से गायब हो रहे तेंदू फल

ज्ञात हो कि तेंदू फल के कम होने की एक बड़ी वजह बीड़ी उद्योग का धीरे-धीरे बंद होना भी है। दरअसल, तेंदू के पत्तों का उपयोग बीड़ी बनाने में होता था, लेकिन स्वास्थ्य पर बुरे असर के कारण बीड़ी का कारोबार सिमटने लगा है. जब तेंदू पत्तों का संग्रहण कम हुआ, तो जंगलों में जाने वाले मजदूर भी घट गए, जिससे तेंदू फल बाजारों में कम दिखाई देने लगे हैं। जानकारों का कहना है कि तेंदू फल गर्मी में सेहत के लिए बहुत लाभकारी होता है, यह शरीर को ठंडक और ताकत देने वाला फल है । इस बार बाजार में तेंदू फल 30 से 40 रुपये किलो की दर से बिक रहा है. बुजुर्गों के मुताबिक, पहले यह फल आसानी से मिल जाता था, लेकिन अब इसे लाने के लिए लोग ज्यादा मेहनत नहीं कर रहे हैं। जंगलों से फल लाने वाले इसे गांव-गांव और शहरों में बेचते हैं, जिससे उन्हें थोड़ी आमदनी भी हो जाती है। छत्तीसगढ़ के बौरीडांड से तेंदू बेचने आई महिला ने बताया कि हम लोग दो दिन छोड़कर घर के नजदीक ही जंगल है वहां से तेंदू फल लाते हैं और ट्रेन से जिला मुख्यालय अनूपपुर समेत कोतमा बिजुरी के बाजार मे बीस से तीस रूपए किलो की दर से लाकर बेचते है।

कोयले से नहीं सट्टे से जल रहा बदरा

'क्रिकेट कसीनो' बन चुके आम कस्बे

बदरा/जमुना। यह बदरा अब वह बदरा नहीं रहा जो कभी खनन के लिए जाना जाता था अब ये इलाका आईपीएल सट्टेबाजों की शरणस्थली बन चुका है एक ऐसा सुरक्षित अड्डा जहां दिन में करोड़ों का काला खेल खेला जा रहा है और रात में प्रशासन आंखें मूँद कर चैन की नींद सो रहा है। बदरा, जमुना, कोतमा, भालूमाडा, राजनगर, रामनगर और बिजुरी यह अब कोई आम कस्बे नहीं रहे, ये सब मिलकर सट्टेबाजों का 'क्रिकेट कसीनो' बन चुके हैं यहां हर ओवर, हर बॉल, हर चौके-छक्के पर मोबाइल की स्क्रीन पर लाखों का दांव लगता है लोगों की आँखों में आईपीएल नहीं नोटों की बरसात दिखती है।

कौन हैं जो चला रहे सट्टा

ये कोई कोने में बैठे दो नंबर के दुकानदार नहीं हैं ये हैं वो 'भूतपूर्व जुआ किंग' जो अब डिजिटल युग के 'आईपीएल किंग' बन चुके हैं। इनके पास सिर्फ मोबाइल और व्हाट्सएप ग्रुप नहीं बल्कि सत्ता से सीधा नेटवर्क है इनके नंबरों में न मोबाइल की लिमिट है न पुलिस की

हिम्मत और पुलिस। अरे, पुलिस तो इनकी जेब में बैठी है। खबर मिलती है कि आज छापा पड़ने वाला है और अगले ही मिनट में सट्टा डीलर की गाड़ी स्टार्ट हो जाती है। छापे से पहले खबर मिलना क्या ये मज़ाक है या सिस्टम की सड़ांध की निशानी। दूसरी ओर प्रशासन की हालत उस गूंगे गवाह जैसी हो गई है जिसे सब पता है, लेकिन बोलना मना है अफसरों के बयान ऐसे होते हैं जैसे रिकॉर्डेड टेप चला दिया गया हो।

हम जांच कर रहे हैं

फिर महीनों तक सब कुछ वैसा ही चलता रहता है क्या इस इलाके के अधिकारी अब 'सट्टे के दलाल' बन चुके हैं। क्या उनकी ड्यूटी अब सिर्फ दिखावे की प्रेस रिलीज़ तक सीमित रह गई है। युवाओं पर सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि इस गोरखधंधे की सबसे बड़ी बलि चढ़ रही है युवा पीढ़ी। वो बच्चे जो कभी किताबों में उलझे रहते थे अब सट्टे के आंकड़ों में डूब चुके हैं स्कूल छोड़ दिए गए कॉलेज बेमतलब हो गए और मोबाइल फोन अब उनका भविष्य तय कर रहे हैं। माँ-बाप को लगता है बच्चा ऑनलाइन क्लास में है लेकिन हकीकत में वह ऑनलाइन सट्टे में करोड़ों हार-जीत रहा है।

गर्भवती माताओं को समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायें- प्रभारी कलेक्टर

मातृ शिशु मृत्यु दर की प्रभारी कलेक्टर ने समीक्षा कर स्वास्थ्य अमले को दिए निर्देश

अनूपपुर। प्रभारी कलेक्टर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने मातृ शिशु मृत्यु दर की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अमले को गर्भवती माताओ को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाए उपलब्ध कराने तथा उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक देखभाल के लिए परामर्श प्रदान करने गर्भवती माताओ की समय-समय पर जांच व उपचार तथा मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। प्रभारी कलेक्टर तन्मय वशिष्ठ शर्मा आज जिला पंचायत सभागार में स्वास्थ्य विभाग के मातृ शिशु मृत्यु दर की समीक्षा के दौरान उक्ताशय के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस सी राय, सिविल सर्जन डॉ एस आर परस्ते सभी प्रमुख खंड चिकित्सा अधिकारी तथा संबंधित चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित थे। प्रभारी कलेक्टर तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने जिला चिकित्सालय सहित सभी सीएनसी में हाइजीन स्टैंडर्ड नार्म का पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आकस्मिक निरीक्षण के दौरान यह देखा जाएगा। उन्होंने जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को सुरक्षित संचालित करने के लिए चिकित्सकों के अटैचमेंट को समाप्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि टेलीमेडिसिन सुविधा का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए जिससे मरीजो को उनके अपने क्षेत्र में ही स्वास्थ्य सुविधाएं सहजता से प्राप्त हो सके। प्रभारी कलेक्टर तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने स्वास्थ्य सेक्टर सुपरवाइजर से लंबित सीएम हेल्पलाइन के निराकरण की समीक्षा की गई तथा संबंधितो को लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि लंबित स्थिति रहने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

टेडी लालपुर, बम्हनी, भेजरी फीडर में आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

अनूपपुर। म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) ने बताया है कि उपसंभसाग राजेन्द्रग्राम अंतर्गत वितरण केन्द्र राजेन्द्रग्राम, अमरकंटक तथा बेनीबारी में आने वाले समस्त 11 केव्ही लाईन एवं ट्रांसफार्मरों का प्री मानसून मेंटिनेंस किए जाने हेतु शट डाउन की आवश्यकता है। उक्त कार्य के सम्पादन हेतु 19 अप्रैल को 11 के.व्ही. टेडी लालपुर फीडर, 11 के.व्ही. बम्हनी फीडर तथा 11 के.व्ही.भेजरी फीडर से जुड़े समस्त विद्युत उपभोक्ताओं के यहां प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहेगी। कार्य के अनुसार विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहने की समयावधि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

मादा चीतल की मौत के मामले में वन विभाग के हाथ अभी भी खाली

किसको बचा रहा वन विभाग, पत्थर लोड ट्रक से हुई थी मौत

अनूपपुर। विगत माह जिले के शहडोल अमरकंटक मार्ग पर किरर गांव के सजहा टोला में वेयर हाउस के पास एक बड़े अज्ञात वाहन जिसको वन विभाग बता रहा है, आज तक उस वाहन तक नही पहुंच सका जबकि स्थानीय लोगों के बताये अनुसार पत्थर से लोड ट्रक ने टक्कर मारी थी जिससे मादा चीतल की मौत हो गई थी। उक्त ट्रक तक पहुंचने में वन विभाग को महीना बीतने आ रहा है पर कार्यवाही के नाम पर खाना पूर्ति की जा रही है जबकि किसी आम आदमी से यह घटना हुई होती तो उसका वाहन तो राजसात होता ही साथ ही उक्त व्यक्ति को सलाखों के पीछे भी जाना पड़ता, पर सूत्रों के अनुसार वाहन मालिक के रसूख और पैसे के बल पर पूरे मामले को निपटाने का प्रयास किया जा रहा है जबकि स्थानीय लोगों को भी पता है गाड़ी किसकी थी। यहां तक कि नाम न लिखने की शर्त पर एक वन कर्मी ने भी स्वीकार किया कि गाड़ी किसकी थी। अब देखना होगा कि आखिरकार वन विभाग चीतल की मौत को दफन कर देता है या दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होती है ये तो आने वाला समय ही बतायेगा जबकि इस पूरे मामले की जांच डिप्टी रेंजर किरर को सौंपी गई है। सूत्र तो यहां तक बताते है कि गाड़ी मालिक अपने रसूख और पैसों के दम पर पूरे अमले को अपनी जद में ले लिया है जिसके चलते पूरी जांच कछुए की चाल के साथ साथ गलत दिशा में अज्ञात वाहन के खिलाफ की जा रही है जबकि सब को पता है उक्त वाहन किसका था, बड़ा सवाल यह भी है किरर में वन चौकी मौजूद होने के बावजूद वन विभाग को वन चौकी से कुछ किलोमीटर दूर हुई घटना की जांच में इतनी देरी क्यों हो रही है। क्या चीतल की मौत मामले में वाकई में दोषियों के खिलाफ कार्यवाही हो भी पायेगी या नही अब भी सवाल बना हुआ है जबकि सूत्र बताते है कि क्रेशर संचालक ने ऊपर से सब कुछ मैनेज कर लिया है तो नीचे के वन कर्मी कैसे कार्यवाही को आगे बढ़ाएं। आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करना मतलब अपने अधिकारियों की नाराजगी का सामना करना है। इस मामले किरर के डिप्टी रेंजर का कहना है कि मुझे जांच अभी 15 तारीख को मिली है जांच कर रहे है जो भी दोषी होगा कार्यवाही होगी।

फिल्मी तर्ज पर वाहन से मारने का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

कोतमा। कोयलांचल क्षेत्र के कोतमा थाना अंतर्गत बगैहा गांव में लग्जरी कार से चालक सैयद मुख्तार उर्फ बाबू खान 30 वर्ष के द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए आदिवासी ऋषिपाल सिंह 47 वर्ष निवासी पिपरिया को सड़क दुर्घटना कर कुचलकर मार डालने के मामले में पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार करते हुए दुर्घटना में शामिल वाहन स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 04 सीएल 8030 को भी जप्त करते हुए कार्यवाही की जा रही है। आरोपी के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) के तहत मामला दर्ज कर जांच कर रही है। घटना के बारे में बताया जाता है कि ऋषिपाल सिंह सड़क रास्ते पैदल कोतमा की ओर जा रहा था जिसे तेज रफ्तार के साथ लापरवाही पूर्वक

चलाते हुए कुचल दिया गया। उपचार के दौरान जिला अस्पताल में कुछ ही घंटों में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी सैयद मुख्तार और बाबू खान निवासी बनिया टोला जो कि थाना क्षेत्र का आदतन बदमाश है जिसके खिलाफ नशा तस्करी, मारपीट, रोड एक्सीडेंट के कई मामले दर्ज हैं आरोपी को हाल में ही अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट में अपराध पंजीबद किया गया था।

इनका कहना है

मामले की जांच के दौरान आरोपी चालक बाबू खान के कब्जे से वाहन जप्त करते हुए विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज करते हुए कार्यवाही की जा रही है।

डीएस बागरी, उपनिरीक्षक

एमबी पावर ने जैतहरी चौक से प्लांट गेट नंबर-2 तक लगाए स्ट्रीट लाइट्स

जैतहरी। क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हिंदुस्तान पावर के सीएसआर विभाग ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है, कंपनी के द्वारा जैतहरी चौक से लेकर प्लांट के गेट नंबर-2 तक लगभग 01 किलो मीटर लंबे मार्ग पर 40 स्ट्रीट लाइटें स्थापित की गई हैं, बता दें स्ट्रीट लाइटों की स्थापना में आवश्यकता अनुरूप, तकनीकी मापदंड का विशेष ध्यान रखा गया है, जिसके आधार पर स्थानीय जनमानस को बेहतर प्रकाश मिलना सुनिश्चित हो सके, तकनीकी मापदंड के अनुसार प्रत्येक स्ट्रीट लाइट की ऊंचाई 7.5 मीटर रखी गई है और प्रत्येक दो लाइटों के मध्य दूरी लगभग 25-25 मीटर निर्धारित की गई है। 17 अप्रैल को गौरव पथ पर स्ट्रीट लाइट का उद्घाटन समारोह रखा गया, समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित, नगर परिषद के अध्यक्ष उमंग गुप्ता, नगर परिषद के उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार राठौर, परिषद के सभापति कैलाश मरावी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख अतिथि अनिल गुप्ता ने कहा, कंपनी स्थानीय विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है, विगत वर्षों में कंपनी ने ग्रामीण क्षेत्र के साथ साथ, नगर में कई विकास के कार्य किए हैं, जिनमें जैतहरी चौक से गेट न. 2 तक सड़क निर्माण कार्य, जैतहरी चौक से जैतहरी पुराना रेलवे फाटक तक सड़क निर्माण कार्य, विभिन्न सामूहिक स्थलों पर वाटर कूलर की व्यवस्था, तहसील, जैतहरी चौक पर हाई मास्ट लाइट, सिद्ध बाबा डुंगरिया का सौंदर्यीकरण इत्यादि कार्य शामिल हैं और हाल ही में नगर परिषद के अनुरोध पर कंपनी के द्वारा 40 नग स्ट्रीट लाइट की स्थापना कराई गई है। इन सभी कार्यों के लिए हम सभी परिषद की ओर से हिन्दुस्तान पावर का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित श्री उमंग ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य न केवल इस मार्ग पर रात्रि में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करना है, बल्कि आमजन, स्थानीय दुकानदारों, राहगीरों एवं वाहन चालकों के लिए अंधेरे को प्रकाश में परिवर्तित कर उनकी सुरक्षा को भी बढ़ाना है। नगर परिषद उपाध्यक्ष रवींद राठौर, परिषद के सभापति कैलाश मरावी ने कंपनी योगदान के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कंपनी प्रबंधन की तरफ से सी एस आर प्रमुख सत्यम सलील और जन संपर्क अधिकारी गौरव पाठक उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि ₹स्थानीय विकास और सामुदायिक सहयोग हिन्दुस्तान पावर की सीएसआर गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य है। निश्चित तौर पर सड़क पर रोशनी की उचित व्यवस्था से दुर्घटनाओं में कमी आएगी तथा आमजन को सुविधा होगी। स्थानीय अन्य जनप्रतिनिधियों और उपस्थित समस्त नागरिकों ने इस कार्य के लिए हिंदुस्तान पावर का आभार प्रकट किया और इसे जनहित में एक सराहनीय कदम बताया।

राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद ने दो और नियुक्ति कर किया संगठन का विस्तार

संभागीय संरक्षक मंडल के अध्यक्ष कैलाश पांडेय तो महासचिव अरूण ओटवानी नियुक्त

अनूपपुर। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत वाजपेयी व राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी की अनुमति एवं प्रदेशाध्यक्ष मयंक तिवारी की स्वीकृति तथा प्रदेश उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी राजेश शुक्ला एवं संभागीय अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा की अनुशंसा पर शहडोल संभाग के संभागीय संरक्षक मंडल के अध्यक्ष कैलाश पांडेय एवं संभागीय संरक्षक मंडल के महासचिव अरूण ओटवानी को नियुक्त किया गया है। प्रदेश महासचिव राजेश दुबे ने उक्त दोनो पदाधिकारियों की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू करते हुए उन्हे बधाई प्रेषित करते हुए संगठन हित मे नई ऊर्जा से कार्य करने एवं समय पर सदस्यता अभियान पूर्ण करने की आशा जताई है। कैलाश पांडेय को परिषद के संभागीय संरक्षक मंडल के अध्यक्ष एवं अरूण ओटवानी को संरक्षक मंडल का महासचिव नियुक्त किए जाने पर संगठन के वरिष्ठ पत्रकार प्रेमचंद्र अग्रवाल, जिलाध्यक्ष अमित शुक्ला, जिला महामंत्री श्रवण उपाध्याय, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, जिला प्रवक्ता भगवान दास मिश्रा, जिला संगठन मंत्री संतोष मिश्रा, कोषाध्यक्ष आशीष द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष दुर्गा शुक्ला, रमाकांत शुक्ला, संदीप द्विवेदी, शैलेंद्र द्विवेदी, जिला सचिव संतोष चौरासिया, चंदन केवट, धर्मेन्द्रकांत तिवारी, कोतमा ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक द्विवेदी, जैतहरी ब्लॉक अध्यक्ष बद्रीनाथ तिवारी, अनूपपुर ब्लॉक अध्यक्ष दिगंबर शर्मा एवं पुष्पराजगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सोमू दुबे, संभागीय कोषाध्यक्ष पुनीत सेन, संभागीय उपाध्यक्ष दिवाकर विश्वभकर्मा,सतीश विश्वकर्मा, संभागीय सचिव श्याम तिवारी, उमरिया जिलाध्यक्ष बजरंग बहादुर सोनी सहित गिरीश राठौर, उमाशंकर पांडेय, विनोद विन्धेश्वरी पांडेय, संतोष झा, धर्मेन्द्र कांत तिवारी, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, नियामुद्दीन अली, अजय नामदेव, नीरज द्विवेदी, दुर्गा प्रसाद यादव, अजीत तिवारी, अमीन वारसी, आर.सी. मिश्रा, प्रकाश तिवारी(मोंटी), आशुतोष सिंह, मदनमोहन मिश्रा, लक्ष्मी नारायण शुक्ला, महेश प्रसाद मिश्रा कोतमा, गौरव दहिया, बृजेश जयसवाल, रमेश जयसवाल, राजेश सिंह, राजकुमार शुक्ला, अमित तिवारी, सीताराम पटेल, डीएस राव, सुनील मिश्रा, प्रमोद तिवारी, धनंजय तिवारी, कमलेश मिश्रा, श्रीराम केवट, रामचरण मिश्रा, अरविंद मिश्रा, पुष्पेंद्र उमर्लिया, संस्कार गौतम, साबिर अली, अनिल कुमार सोनी, प्रीतम तिवारी, शिवम साहू, राजकुमार यादव, दिनेश केवट, अरूण त्रिपाठी, बबलू मिश्रा, चेतराम शर्मा, पुष्पेंद्र त्रिपाठी, इंद्रपाल यादव, अमित कुमार बैंस, प्रहलाद गुप्ता, पवन गौतम, मनोज जैन, बृजेश द्विवेदी, अनिल राठौर, विजय राठौर, सूरज राठौर, होलकर मांडवी, निगम दास चौधरी ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

गुमशुदगी

अवधेश कुमार पनिका

मैं समयलाल पिता श्री मुरकू पनिका उम्र 48 साल नि. निमहा भाद तिराहा, थाना रामनगर, जिला- अनूपपुर म.प्र.। मेरा पुत्र अवधेश पनिका उम्र 17 साल 2 माह,जो कि दिनांक 13.04.25 को सुबह 11:00 बजे घर से निकला है जो अभी तक वापस नही आया है वह सफेद टी शर्ट, नीला जींस, स्पोर्टस जूता पहना एकहरा बदन, लंबाई 5 फुट 4 इंच, रंग गोरा, चेहरा लंबा है।

मिलने पर इन नम्बर पर सूचित कर
(1) समय लाल - 9174353395
(2) हरिलाल - 9584950774